समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# महाराष्ट्र बोर्ड ने जारी किया 10वीं क्लास का रिजल्ट, 94.10 फीसदी स्टूडेंट्स पास, देखे नतीजे।

Publisher                                                                                    Published on 14 May 2025



## महाराष्ट्र के लाखों छात्रों के लिए बड़ी खबर आ गई है. महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (MSBSHSE) ने आज कक्षा 10वीं (SSC) का रिजल्ट घोषित कर दिया है.

महाराष्ट्र के लाखों छात्रों के लिए राहत और खुशखबरी लेकर आया है 13 मई 2025 का दिन. महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (MSBSHSE) ने आज कक्षा 10वीं (SSC) का रिजल्ट घोषित कर दिया है. इस बार का कुल पास प्रतिशत 94.10% रहा, जो छात्रों के अच्छे प्रदर्शन को दर्शाता है. छात्र अपना रिजल्ट sscresult.mahahsscboard.in और mahresult.nic.in पर जाकर रोल नंबर की मदद से चेक कर सकते हैं. यह परीक्षा मार्च-अप्रैल 2025 के बीच राज्यभर में आयोजित की गई थी.

रिजल्ट में क्या रहा खास ?

इस साल कुल 15,58,020 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 15,46,579 छात्र परीक्षा में बैठे और 14,55,433 छात्र पास हुए. रिजल्ट के आंकड़े इस बार भी बताते हैं कि लड़कियों ने एक बार फिर बाज़ी मारी है.
लड़कियों का पास प्रतिशत रहा 96.14%, जबकि लड़कों का रहा 92.31%.

कौन-सा संभाग रहा आगे ?

राज्य के आठ संभागों में कोंकण ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया, जहां 98.82% छात्र पास हुए. दूसरी ओर, नागपुर सबसे नीचे रहा,

जहां 90.78% छात्र पास हो पाए. अन्य क्षेत्रों की बात करें तो –

कोल्हापुर – 96.87%
मुंबई – 95.84%
पुणे – 94.82%
नासिक – 93.04%
अमरावती – 92.95%
छत्रपति संभाजीनगर – 92.82%
लातूर – 92.77%

32 विषयों में 100% रिजल्ट
बोर्ड के अनुसार, इस बार कुल 62 विषयों में से 32 विषयों में 100 प्रतिशत रिजल्ट दर्ज किया गया है. यानी इन विषयों में सभी छात्र सफल रहे, जो बोर्ड के शिक्षण स्तर में सुधार को दिखाता है.

ऐसे चेक करें रिजल्ट
१. नतीजे देखने के लिए छात्र सबसे पहले आधिकारिक साइट
sscresult.mahahsscboard.in पर जाएं.
३. इसके बाद छात्र रोल नंबर और अन्य डिटेल्स भरें.
४. अब छात्र का रिजल्ट स्क्रीन पर दिखाई देगा.
५. फिर छात्र रिजल्ट पेज को डाउनलोड करें.
६. अंत में छात्र रिजल्ट पेज का प्रिंट निकाल लें.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.